| | INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR |
|---|---|

**Mid Term Exam (2023-2024)**

| | | |
|---|---|---|
| **Class: VI** | **Sub: Hindi 2nd Lang** | **Marks: 80** |
| **Date: 26-09-2023** | **Set - 2** | **Time: 2:30 hours** |

1. ***All questions are compulsory.***
2. ***The question paper consists of 13 questions divided into 4 Sections.***
3. ***There is no overall choice. However, internal choices have been provided.***
4. ***This question paper consists of 06 printed pages.***

## खंड–क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए।** 5×1=5

भारत की धरती पर पूरे वर्ष त्योहार मनाए जाते हैं। ये त्योहार महान लोगों तथा ऐतिहासिक घटनाओं से संबंध रखते हैं। होली भी इन्हीं त्योहारों में से एक है। इसे रंगों का त्योहार कहा जाता है। यह आमतौर पर मार्च के महीने में आता है। होली, एक पारंपरिक त्योहार है जो वसंत के मौसम में आता है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसे 'रंगपंचमी' के नाम से भी जाना जाता है। रंग पंचमी के एक दिन पहले लोग 'होलिका दहन' करते हैं। इस खूबसूरत त्योहार पर लोग एक दूसरे पर पानी के गुब्बारे फेंकते हैं और एक दूसरे को रंग लगाते हैं और कहते हैं, "बुरा न मानो होली है!"|

1 - होली आमतौर पर कौन-से महीने में आती है?

(क) मई के महीने (ख) जनवरी के महीने

(ग) मार्च के महीने (घ) फरवरी के महीने

2 - होली को और किस नाम से जाना जाता है?

(क) फूलों का त्योहार (ख) रंग पंचमी

(ग) संतो का उत्सव (घ) इनमें से कोई नहीं

3 - दुनिया के कई देशों में यह त्योहार किसके साथ मनाया जाता है?

(क) हर्षोल्लास (ख) नाचते हुए

(ग) उमंग (घ) गाते हुए

4 - रंग पंचमी के एक दिन पहले लोग क्या करते हैं?

(क) माला बनाते हैं (ख) दीपक जलाते हैं

(ग) गाना गाते हैं (घ) होलिका दहन करते हैं

5 - इस त्यौहार पर लोग एक दूसरे पर पानी के गुब्बारे फेंकते हैं हुए क्या कहते हैं?

(क) बुरा न मानो होली है (ख) बुरा मानो होली है

(ग) बुरा न मानो दीवाली है (घ) बुरा न मानो कुछ नहीं है

**प्रश्न 2- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 5×1=5

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को घुड़सवारी के साथ-साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी। एक बार घोड़ों का एक व्यापारी रानी के दरबार में आया। उसके पास एक जैसे दिखने वाले दो घोड़े थे। उसे विश्वास था कि रानी दोनों घोड़ों का एक दाम लगाएँगी, मगर रानी ने कुछ देर देखने के बाद एक घोड़े का दाम एक हज़ार रुपये और दूसरे घोड़े का दाम पचास रुपये लगाया। व्यापारी ने हैरान होकर रानी से पूछा "रानी जी, दोनों घोड़ों की शक्ल, रंग, कद-काठी में कोई फर्क नहीं है, फिर भी आपने दाम में इतना फर्क क्यों कर दिया?" रानी ने कहा, "जिस घोड़े का दाम मैंने एक हज़ार रुपये लगाया है, वह उत्तम कोटी का स्वस्थ घोड़ा है, और जिस घोड़े का दाम मैंने पचास रुपये लगाया है, वह किसी रोग का शिकार है और उसकी उम्र भी कम है।" रानी की सूझ-बूझ और बुद्धिमानी को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ।

1 -किसे घुड़सवारी के साथ-साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी?

(क) लक्ष्मीबाई को (ख) व्यापारी को

(ग) शिकारी को (घ) घोड़ों को

2 - रानी के पास एक जैसे दिखने वाले कितने घोड़े थे?

(क) तीन (ख) दस

(ग) दो (घ) एक

3 - दूसरे घोड़े का रानी ने कितना दाम लगाया?

(क) चालीस रुपये (ख) पचास रुपये

(ग) बीस रुपये (घ) तीस रुपये

4 - "दोनों घोड़ों की शक्ल, रंग, कद-काठी में कोई फर्क नहीं है-यह वाक्य कौन पूछ रहा है?

(क) रानी (ख) व्यापारी

(ग) शिकारी (घ) घुड़सवार

5 - रानी की -------------- को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ।

(क) सूझ-बूझ और बुद्धिमानी (ख) सुन्दरता को देखकर

(ग) रानी का दरबार देखकर (घ) रानी की नासमझी देखकर

## खंड–ख (व्याकरण)

**प्रश्न 3- सही विकल्प चुनिए- choose the correct option** 8×1=8

(i) **'जो कभी न मरे'** वाक्यांश के लिए एक शब्द कौन-सा है?

अमर अमृत अमन

(ii) **'परिश्रम करने वाला'** वाक्यांश के लिए एक शब्द कौन-सा है?

परिश्रमी परिशरमी पारिश्रम

(iii) **'अ'** उपसर्ग से बना हुआ कौन-सा शब्द सही है?

अपमान आधर्म अधर्म

(iv) **'वाला'** प्रत्यय से बना हुआ कौन-सा शब्द सही है?

चायवाल चायवाला चायबाला

(v) **'ना'** उपसर्ग से बना हुआ कौन-सा शब्द सही है?

नासमझ नागपुर नाक

(vi) **'वान'** प्रत्यय से बना हुआ कौन-सा शब्द सही है?

वानर दयावान दयावन

(Vii) **'कमल'** का इनमें से कौन सा शब्द पर्यायवाची शब्द नहीं हैं-

जलज नीरज नयन

(viii) इनमें से कौन-से शब्द **'दिन'** के पर्यायवाची शब्द हैं?

वार/ वासर तट/तीर नर/जन

**प्रश्न 4-** (i) किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- अगला , हिंसा , कल , गुण 2

(ii) किन्हीं दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए- मोटा , अपना , दोस्त , मानव 2

(iii) दिए गए मुहावरों में से किन्हीं दो के वाक्य बनाकर लिखिए| 2

मुँह में पानी आना , गले का हार , आँखों में धुल झोंकना

**प्रश्न 5-** (क) रिक्त स्थानों में उचित कारक चिह्न भरिए| 2

(का, ने, पर, में , से, की, के)

(1) पेड़ -- चिड़िया -- घोंसला है|

(2) बच्चों -- कमरे -- दो कुर्सियाँ हैं।

(ख) रिक्त स्थानों में उचित विशेषण शब्द भरिए| 2

( कोई, नटखट, कौन, तीस)

(1) मेरा भाई ---- है| (2) मेरी कक्षा में ---- बच्चे हैं|

(ग) दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए| 2

(1) हिमालय सबसे ऊँचा पहाड़ है| (2) राधा कल बाज़ार चली गई थी?

**खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)**

**प्रश्न 6 - दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 4

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों-जड़ा;
सिर्फ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा-चिट्टा , गोल-मटोल

1. **'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें'** कविता के कवि कौन हैं?
   (i) केदारनाथ अग्रवाल (ii) शमशेर बहादुर सिंह
   (iii) सुमित्रानंदन पंत (iv) विनय महाजन

2. इस कविता में किसके बारे में बताया गया है?
   (i) सूर्य (ii) चाँद (iii) लड़की (iv) तारे

3. चाँद कैसा नज़र आता है?
   (i) तिरछा (ii) सीधा (iii) सीधा (iv) उलटा

4. चाँद से बातें कौन कर रहा है?
   (i) लड़की (ii) लड़का (iii) तारे (iv) आकाश

**प्रश्न 7- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए|** 4×1=4

गरमी के दिन थे। बाबूजी दफ्तर गए हुए थे। अम्माँ दोनों बच्चों को कमरे में सुलाकर खुद सो गई थीं। लेकिन बच्चों की आँखों में आज नींद कहाँॠ अम्मा जी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके आँखें बंद किए मौके का इंतजार कर रहे थे। ज्यों ही मालूम हुआ कि अम्माँ जी अच्छी तरह से सो गईं दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफाजत की तैयारियाँ होने लगीं।

1. बाबू जी कहाँ गए हुए थे?

(i) दफ्तर (ii) घर (iii) बाज़ार (iv) दुकान

2. दोनों बच्चों को सुलाने के बाद अम्मा ने क्या किया?

(i) खो गई (ii) छुप गई (iii) सो गई (iv) खाने खाई

3. अम्मा जी को बहलाने के लिए दोनों बच्चों ने के क्या किया?

(i) खाने का बहाना (ii) पढ़ने का बहाना

(iii) जागने का बहाना (iv) सोने का बहाना

4. दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से क्या खोलकर बाहर निकल आए थे?

(i) दरवाज़े की सिटकनी (ii) दरवाज़े की चाबी

(iii) दरवाज़े की चदर (iv) दरवाज़े की जाली

**प्रश्न 8-** किन्हीं 6 प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए| 6×1=6

प्रश्न-1 चिड़िया कैसे गाती है?

प्रश्न-2 चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

प्रश्न-3 आजकल लड़के किसे घेरे रहते थे?

प्रश्न-4 राजप्पा को किससे चिढ़ हो गई थी?

प्रश्न-5 लक्ष्मण कहाँ गए थे?

प्रश्न-6 राम और सीता कहाँ जाने को निकले थे?

प्रश्न-7 'वन के मार्ग में' कविता के कवि का नाम लिखिए।

**प्रश्न 9-** किन्हीं 6 प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए| 6×2=12

प्रश्न-1 चिड़िया को किससे प्यार है और क्यों?

प्रश्न-2 श्यामा ने क्या सोचकर माँ से के शव की शिकायत की थी?

प्रश्न-3 राजप्पा ने अलबम क्यों छिपा दिया?

प्रश्न-4 लकड़ियों ने नागराजन से अलबम किसे माँगने भेजा और क्यों?

प्रश्न-5 चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?

प्रश्न-6 घर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई?

प्रश्न-7 पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**प्रश्न 10-** किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए| 3×3=9

प्रश्न-1 'वह चिड़िया जो' कविता के अनुसार कैसा चित्र आपके मन में उभरता है?

प्रश्न-2 केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी दाना-पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

प्रश्न-3 लड़की खुद को बुद्धू समझने से क्यों मना करती है?

प्रश्न-4 - लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?

प्रश्न-5 वन के मार्ग में सीता जी को कौन-सी कठिनाइयों का सामना करने पड़ा|

## खंड-घ (लेखन कार्य)

**प्रश्न 11-** किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| 5

मेरा प्रिय मित्र , जंगल की सैर , पेड़ हमारे मित्र

**प्रश्न 12**- चिड़िया के घोसले के बारे में **'भाई बहन'** के बीच संवाद लिखिए| 5

या

**'दो मित्रों'** के बीच पिकनिक की तैयारी पर संवाद लिखिए|

**प्रश्न 13-** दिए गए चित्र का वर्णन 30-40 शब्दों में कीजिए| 5

